## महत्वपूर्ण एवं खास

### अगले दो दिन और बारिश के आसार,तापमान में गिरावट से ठंड और बढ़ेगी

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में अगले दो दिन और बारिश के आसार हैं। बारिश के बाद सर्दी सितम ढा सकती है। राज्य में शीतलहर पड़ने के आसार बन गए हैं। मौसम विभाग ने अगले हफ्ते से शीतलहर की संभावना जताई है। राज्य के तापमान में गिरावट आने से ढंड और बढ़ेगी। अगले 24 घंटे में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश का अनुमान है। दक्षिण छत्तीसगढ़ में ज्यादा बारिश की संभावना जताई गई है। प्रदेश में गुरुवार को भी सुबह घने कोहरे से लिपटी नजर आई है। बारिश के बाद अब सर्दी सितम ढा रही है। ठंड से लोग ठिठुर रहे हैं। कोहरे की वजह से विजिबलिटी बेहद कम हो गई है। सड़कों पर लाइट जलाकर चल गाड़ियां चल रही हैं। वहीं अमरकंटक में पारा 4 डिग्री पहुंच गया है। पेंड्रा में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री दर्ज किया गया है। गौरेला पेंड्रा मरवाही सहित कई इलाकों में घना कोहरा छाया है।

### मुखबिरी की शक में नक्सलियों ने की युवक की हत्या

**राजनांदगांव (आरएनएस)।** जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र मदनवाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम कलवर में युवक की हत्या । पुलिस मुखबिर के शक में नक्सलियों ने की हत्या । नक्सलियों ने युवक को पीट पीट कर मार डाला । मृतक रामजी गांवडे पूर्व में सरकारी स्कूल का सफाई कर्मी था । देर रात दो हथियार बंद नक्सली उसे घर से उठा कर ले गए थे । मदनवाड़ा से कांकेर रोड पर मिला युवक का शव । युवक का मानपुर में पोस्टमार्टम कर शव परिजनो को सौंपा दिया गया।

### पीएचक्यू भी कोरोना की चपेट में, 10 से ज्यादा संक्रमित मिले

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में लगातार कोरोना संक्रमण के मरीज बढ़ रहे है। आम लोगों के साथ अब सरकारी विभाग में भी कोरोना का साया पड़ने लगा है जिससे अधिकारी-कर्मचारी भी धीरे-धीरे कोरोना पॉजीटिव पाये जा रहे है। पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) में 10 से ज्यादा लोग कोरोना संक्रमित होने की खबर है। हालांकि अभी इस खबर की अधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की गई है। इससे पहले रायपुर के अलग-अलग थानों में भी 5 से ज्यादा जवान संक्रमित पाये गये है। प्रदेश के अन्य जिलों में बस्तर संभाग में सीआरपीएफ के करीब 50 जवान कोरोना संक्रमित मिले है।

### मुख्यमंत्री आज जांजगीर-चांपा जिले के दौरे पर रहेंगे

» ग्राम मोहतरा तथा कोसमंदा के कार्यक्रम में होंगे शामिल

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 14 जनवरी को जांजगीर-चांपा जिले के अंतर्गत ग्राम मोहतरा तथा कोसमंदा जाएंगे। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के तहत वे दोपहर 12 बजे पुलिस ग्राउण्ड हेलीपेड रायपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर 12.40 बजे तहसील मालखरौदा के ग्राम मोहतरा तथा 1.25 बजे डभरा तहसील के ग्राम कोसमंदा पहुंचकर वहां स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 2.35 बजे रायपुर वापस पहुंचेंगे।

### शिक्षक को घर में बंधक बनाकर नगदी व जेवर लूटकर फरार हुए नकाबपोश बदमाश,

**बलरामपुर (आरएनएस)।** मानपुर गांव में हथियारों से लैस 3 नकाबपोश बदमाशों ने 12 जनवरी की देर रात शिक्षक के घर में धावा बोल दिया। देर रात घटित हुई इस वारदात में डकैत घर के सदस्यों को बंधक बनाकर नगदी सहित जेवरात लुट कर फरार हो गए। लूटेरों की संख्या 3 के करीब बताई जा रही है। हथियारों से लैस थे लुटेरे। चलगली थाना क्षेत्र के मानपुर गाँव का मामला। मौके पर पहुंची पुलिस जांच कर रही अभी तक बदमाशों का सुराग नहीं मिला है।

# महाविद्यालयों में सभी पाठ्यक्रमों की प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं ऑनलाईन, ब्लैन्डेड मोड में होंगी आयोजित

» कोविड की परिस्थितियों को देखते हुए शिक्षण सत्र 2021-22 के लिए दिशा-निर्देश जारी

» विद्यार्थियों की भौतिक उपस्थित तत्काल प्रभाव से होगी प्रतिबंधित

» शैक्षणिक-अशैक्षणिक अमले एक-तिहाई रोस्टर पद्धति से उपस्थित रहेगा

**रायपुर (आरएनएस)।** कोविड-19 की महामारी के संक्रमण को देखते हुए राज्य शासन ने प्रदेश के सभी राजकीय, निजी विश्वविद्यालयों एवं शासकीय तथा अशासकीय महाविद्यालयों में शिक्षा सत्र 2021-22 में अध्यापन एवं अध्ययन तथा परीक्षाओं के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

राज्य सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2021-22 के सेमेस्टर पद्धति वाले सभी पाठ्यक्रमों की प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं ऑनलाईन, ब्लैन्डेड मोड में आयोजित की जाए। विश्वविद्यालयों द्वारा इस संबंध में उनकी कार्य परिषद के अनुमोदन से विस्तृत



दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

जारी निर्देश में कहा गया है कि विद्यार्थियों की भौतिक उपस्थिति तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित करते हुए समस्त कक्षाओं का संचालन ऑनलाईन पद्धति से सुनिश्चित किया जाए। शैक्षणिक-अशैक्षणिक अमले को एक-तिहाई रोस्टर पद्धति से उपस्थित रहने का निर्देश जारी किया जाए। रोस्टर ड्यूटी वाले दिवसों पर शैक्षणिक अमले द्वारा शिक्षण कार्य महाविद्यालय से, एवं शेष दिवसों में निवास से ही ऑनलाईन अध्यापन कार्य महाविद्यालय के समय-सारिणी अनुसार नियत समय पर लिया जाये।

दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि महाविद्यालय के गैर-शैक्षणिक कार्य रोस्टर ड्यूटी अनुसार उपस्थित कर्मचारियों द्वारा महाविद्यालय में उपस्थित होकर किया जायेगा किन्तु शेष समस्त कर्मचारी वर्क फ्रॉम होम पद्धति से दूरभाष तथा ऑनलाईन प्रक्रिया से कार्यों में सहयोग करेंगे। किसी भी स्थिति में अधिकारी-कर्मचारी द्वारा अवकाश स्वीकृति कराये बिना तथा सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना मुख्यालय का त्याग नहीं किया जायेगा।

# चिटफंड कंपनी शुभ सांई देवकान इंडिया लिमिटेड की 9.72 एकड़ जमीन की होगी नीलामी

» नीलामी से प्राप्त राशि निवेशकों को लौटाई जाएगी

» कलेक्टर द्वारा अभियान चलाकर चिटफंड कंपनियों के विरूद्ध की जा रही कड़ी कार्रवाई

**राजनांदगांव (आरएनएस)।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा लगातार चिटफंड कंपनियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है। चिटफंड कंपनी शुभ सांई देवकान इंडिया लिमिटेड की डोंगरगढ़ तहसील के ग्राम घोटिया में 9.72 एकड़ जमीन को कुर्क की गई है। जिसका प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद माननीय जिला न्यायाधीश ने कलेक्टर के आदेश को अंतिम कर कुर्क कर नीलामी के आदेश जारी कर दिया है। कलेक्टर द्वारा कुर्क की गयी जमीन की नीलामी के लिए डोंगरगढ़ एसडीएम को भेज दिया गया है। इसके साथ ही अन्य कम्पनी से प्राप्त 1 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान जल्द ही निवेशकों को किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि चिटफंड कंपनियों के निवेशकों को निवेश की राशि लौटाए जाने के लिए कड़ी कार्रवाई की जा रही है। चिटफंड कंपनी के निवेशकों को अब तक 11 करोड़ 22 लाख रूपए की राशि वापस कर दी गई है। कुर्क की गई जमीन की नीलामी के बाद प्राप्त राशि निवेशकों को लौटाई जाएगी।

# शिक्षा विभाग में कथित डायरी के माध्यम से लेनदेन का मामला फर्जी

» उपसंचालक ने थाने में दर्ज करायी एफआईआर

» नकली हस्ताक्षर से तैयार किया गया था शिकायती पत्र

**रायपुर (आरएनएस)।** शिक्षा विभाग में एक कथित डायरी के माध्यम से पदस्थापना के नाम पर पैसों के लेनदेन का झूठा आरोप लगाया जा रहा था । लोक शिक्षण संचालनालय के उप संचालक आशुतोष चावरे के हस्ताक्षर युक्त फर्जी शिकायती पत्र के माध्यम से शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे थे और सोशल मीडिया के माध्यम से इस बात को प्रचारित किया जा रहा था कि शिक्षकों के पदस्थापना में लेनदेन की गयी है । इस फर्जी शिकायती पत्र के माध्यम से शिक्षा विभाग और इसके अधिकारियों की छवि धूमिल करने की कोशिश की जा रही थी। मामले की जानकारी मिलने के बाद लोक शिक्षण संचालनालय के उप संचालक आशुतोष चावरे ने नवा रायपुर के राखी पुलिस थाने में अपनी तरफ से एफ़आईआर दर्ज करायी है। एफ़आईआर क्रमांक 09/2022 में राखी पुलिस ने भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 419 तथा धारा 469 के तहत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। चावरे ने अपने बयान में कहा है कि विगत दो माह से अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा उनके नाम, पदनाम और सील का छद्म उपयोग कर फर्जी शिकायत पत्र तैयार किया जा रहा है और इसे जनप्रतिनिधियों तथा विभिन्न संस्थानों को भेजा जा रहा है। चावरे के अनुसार लेनदेन से संबंधित आरोपों वाले शिकायती पत्र में उनके जाली हस्ताक्षर का इस्तेमाल किया गया है।

# नक्सली बच्चों को संगठन में शामिल करने के प्रयास का खुलासा काउंसलिंग से हुई - सुंदरराज पी

**जगदलपुर (आरएनएस)।** बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पिछले लॉकडाउन में सभी स्कूल, आश्रम, पोटाकेबिन बंद थे। इस दौरान यहां रहकर पढ़ाई करने वाले बच्चे जब घर गए तो नक्सलियों ने अंदरूनी इलाकों के कई बच्चों को संगठन में शामिल करने का प्रयास किया था, लेकिन नक्सली इसमें कामयाब नहीं हो सके। इसका खुलासा बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने करते हुए बताया कि स्कूल-कॉलेज खुलने के बाद अंदरूनी इलाके के जो भी



बच्चे वापस आए, उनकी काउंसलिंग की गई थी, काउंसलिंग के दौरान इसका खुलासा हुआ।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी बताया कि पुलिस नेटवर्क के विस्तार से नक्सली बौखलाए हुए हैं। इसलिए बच्चों का ध्यान भटकाकर उन्हें बाल संघम संगठन में शामिल करने का प्रयास किया जा रहा है। गांव के बच्चे पढ़ लिखकर अब अपना भविष्य बनाना चाहते हैं, वे नक्सलियों के चंगुल में नहीं आएंगे, बावजूद इसके पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है।

उल्लेखनिय है कि नक्सली बच्चों को ढाल बनाकर अपना हित साधते रहे हैं। कुछ वर्ष पूर्व दंतेवाड़ा के कुआकोंडा इलाके में कुछ स्कूली बच्चों को पुलिस ने पकड़ा था। जो स्कूल बैग में नक्सलियों के लिए दवाइयां लेकर जा रहे थे। इसके अलावा बीजापुर की आत्मसमर्पित एक महिला नक्सली ने भी यह खुलासा किया था कि पोटाकेबिन की कई बच्चियां नक्सल संगठन में शामिल हो चुकी हैं। आत्मसमर्पित महिला नक्सली स्वयं भी जब पोटाकेबिन में पढ़ाई कर रही थी, तब नक्सली इसे बहला-फुसला कर अपने साथ लेकर चले गए थे। महिला नक्सली के इस खुलासे तथा अन्य तथ्य के सामने आने के बाद से ही सतर्कता बरती जा रही है।

# राज्य के लोगों को योजनाओं के माध्यम से मिलेगी विभिन्न सुविधाएं-मुख्यमंत्री

» सड़क,बिजली,सफाई और शुद्ध पेयजल की होगी व्यवस्था

» मुख्यमंत्री बीरगांव नगर पालिका महापौर और सभापति के कार्यभार ग्रहण समारोह में पहुँचे

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज बीरगांव नगर पालिका निगम के नव निर्वाचित महापौर नंदलाल देवांगन और सभापति कृपाराम निषाद को कार्यभार ग्रहण कराया।

कार्यभार ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आज 12 जनवरी का दिन स्वामी विवेकानंद की जयंती के दिन है।उन्होंने यहाँ रायपुर में



लगभग 2 वर्ष का बहुमूल्य समय व्यतीत किया।ऐसे महापुरुषों की जयंती अवसर पर कार्यभार ग्रहण का यह समारोह विशिष्ट हो जाता है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने सरकार के प्रति अटूट विश्वास व्यक्त करते हुए राज्य के अधिकांश नगरीय निकायों में विजय दिलाया है।शासकीय योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है। बीरगांव ऐसा क्षेत्र जहां देश के सभी राज्यों के लोग निवास करते हैं। इस औद्योगिक क्षेत्र में सर्वप्रथम लोगों को आवासीय पट्टा देने का कार्य किया जा रहा है। बीरगांव नगर पालिक क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने का कार्य हम सभी को मिलकर पूरा करना है।इस क्षेत्र को प्रदूषण मुक्त करने कारगार कदम उठाए जाएंगे।सरकार ने छत्तीसगढ़ में विकास के नए मॉडल प्रस्तुत किया है।सड़क,बिजली,सफाई और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सभी घरों में कई जा रही है।इसी तरह लोगों की स्वास्थ्य,स्वच्छ पेयजल और पर्यावरण के साथ-साथ बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी उत्कृष्ट स्कूल संचालित किया जा रहा है। राज्य के सभी लोगों के लिए योजनाओं के माध्यम से विकास के कार्य किये जा रहे हैं।

इस अवसर पर आवास और पर्यावरण, वन,परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर,नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम विभाग मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया,रायपुर ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा, अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर पंकज शर्मा, अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर सौरभ कुमार सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# 25 किलो गौमांस के साथ दो महिला आरोपी गिरफ्तार

» एक महिला कोरोना पॉजिटिव निकली

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जिले के पड़ोसी राज्य ओडिसा के कोटपाड़ से गौमांस बेचने आई महिला एवं उसके साथ एक अन्य महिला के कब्जे से 25 किलो गौमांस बरामद कर गिरफ्तार किया गया है, पकड़ी गई दानों महिलाओं का कोरोना जांच करवाया गया जिसमें से एक महिला कोरोना पॉजिटिव निकली जिसे मेकॉज में भर्ती किया गया है। डीएसपी हेमसागर सिदार ने बताया कि को बोधघाट पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मेटगुड़ा निवासी महिला धनाय जो अपने साथी महिला निवासी कोटपाड़ के साथ 02 झोले में 25 किलो गौ मांस लेकर जगदलपुर बेचने के फिराक में थे, महिला धनाय अपने घर में गौमांस को रखी हुई थी। थाना बोधघाट प्रभारी लालजी सिन्हा के द्वारा टीम गठित करते हुए धनाय के घर में छापा मारकर दोनो महिला को पकड़ा गया, तथा उनके पास से 25 किलो गौमांस बरामद कर जब्त किया गया। पुलिस ने पकड़े गए महिलाओं का कोरोना जांच करवाने पर कोटपाड़ निवासी महिला की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आया, जिसे मेकाज में भर्ती किया गया है।

# लोनर हाथी ने ग्रामीण के मकान को तोड़ा, बाल-बाल बचे परिवार के लोग

» मलबे में दबने से कबरा हुआ घायल

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले के कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज के कोरबी गांव में बुधवार की रात अचानक धमके लोनर हाथी ने एक ग्रामीण के मकान को तोड़ दिया, जिससे उसके मलबे में दबकर एक बकरा घायल हो गया। मकान मालिक व उसके परिवार के तीन सदस्य भी काफी देर तक लोनर हाथी से घिरे रहे। वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इसकी भनक लगी तो वे तत्काल मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से लोनर हाथी को खदेड़ा। वन अमले द्वारा खदेड़े जाने पर लोनर ने जंगल का रूख किया और कुछ देर बाद साली पहाड़ पहुंच गया। हाथी के मौके से हटने के बाद वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मदद से सबसे पहले मलबे में दबे बकरा को बाहर निकाला। तत्पश्चात अन्य कमरे में घिरे मकान मालिक व उसके परिवार के सदस्यों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। वन विभाग की सक्रियता से बकरे तथा मकान मालिक के परिवार की जान बाल-बाल बच गई। जानकारी के अनुसार लोनर हाथी की उत्पाति गतिविधि कोरबी में रात 12 बजे के लगभग अधिन सिंह पिता नैनसाय नामक ग्रामीण के घर पर हुई। बताया जाता है कि उक्त ग्रामीण का घर बस्ती से दूर पहाड़ के पास सुनसान में स्थित है, जहां अधिन सिंह व उसके परिवार के तीन सदस्य निवास करते है। इस परिवार ने एक बकरा भी पाल रखा है। पालतु बकरे को घर के एक कमरे में बांध कर अधिन सिंह अपने परिवार के साथ सोने दूसरे कमरे में चला गया था। आधी रात को झुंड से अलग होकर एक लोनर हाथी अचानक यहां आ धमका। वह अधिन सिंह के घर को निशाना बनाते हुए दीवाल का बड़ा हिस्सा तोड़ दिया, जिससे वहां बंधा बकरा मलबे में दब गया। बकरे की आवाज सुनकर अधिन सिंह व उसके परिवार के सदस्य जाग गए। इसी बीच लोनर की चिंघाड़ भी सुनायी दी। जिससे अधिन सिंह अपने कमरे में ही परिवार सहित दुबके रहे। उसे समझने में देर नहीं लगी की लोनर उसके घर पर पहुंच गया है और नुकसान पहुंचा रहा है। उसने फोन के जरिये बस्ती में रह रहे ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। जिस पर ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचित किया। हाथी के पहुंचने तथा एक घर को घेरे जाने की सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला डिप्टी रेंजर एम के साहू, बिट गार्ड नागेंद्र जायसवाल व पंकज खैरवार के नेतृत्व में तत्काल मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों की मदद से मशाल जलाकर वह शोर मचाकर लोनर को खदेडऩे की कार्रवाई शुरू की।

# धन्वंतरी योजना:कोरबा में दवाओं की खरीदी पर लोगों को हुई 30 लाख 67 हजार रूपये की बचत

**कोरबा (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा लोगों को आधे से कम कीमत पर दवाएं उपलब्ध कराने हेतु कियान्वित की गई धन्वंतरी योजना के तहत खोले गए धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स से दवाओं की खरीदी पर लोगों का अब तक 30 लाख 67 हजार रूपये से अधिक की बचत हुई है, इन स्टोर्स में अब तक 55 लाख 75 हजार एम.आर.पी. की दवाएं बेची गई तथा 30800 से अधिक लोगों ने आधे से कम कीमत पर दवा खरीदकर योजना का लाभ उठाया तथा दवाओं में होने वाले खर्च में बचत की।

मरीजों को सस्ती दर पर गुणवत्तायुक्त दवाईयाँ उपलब्ध कराने के लिए राज्य शासन द्वारा क्रियान्वित की गई धन्वंतरी योजना आमजन के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है। यहाँ उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी लोगों, विशेष कर गरीब व कमजोर माली हालत वाले बीमार लोगों को अच्छी दवाईयाँ आधे से भी कम कीमत में उपलब्ध कराने के लिए धन्वंतरी योजना क्रियान्वित की है, जिसके तहत छत्तीसगढ़ राज्य के अन्य जिलों के साथ-साथ कोरबा जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में धन्वंतरी मेडिकल स्टोर संचालित किए जा रहे है, इन दवा दुकानों में दवाओं की खरीदी पर 55 प्रतिशत से भी अधिक की छूट लोगों को मिल रही है, इसके साथ ही सर्जिकल आयटम व हर्बल प्रोडक्ट भी रियायती दरों पर मिल रहे है। धन्वंतरी मेडिकल स्टोर में दवाईयाँ सस्ती होने व आधे से भी कम कीमत में मिलने के कारण मरीज एवं उनके परिजन इन दुकानों से दवा खरीदने में खास रूचि दिखा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर दवा दुकानों में पहुंचने वाले नागरिक योजना की खुले दिल से तारीफ करते हुए योजना के क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार जता रहे हैं। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि कोरबा के धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स में 55 लाख 75 हजार रूपये की एम.आर.पी. की दवाएं लोगों को आधे से कम कीमत पर बेची गई हैं, जिसमें उन्हें 30 लाख 67 हजार रूपये की बचत दवाओं की खरीदी पर हो चुकी है।

मुझे हुई 6000 रूपये की बचत- पोड़ीबहार कोरबा निवासी सुदीप गुप्ता ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि उनकी माँ हार्ट पेंशेट हैं, अपनी माँ के लिए वे धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स से अब तक 10000 रूपये की दवाएं खरीद चुके हैं, जिसमें मुझे केवल 4000 रूपये ही देने पड़े, जबकि मुझे 6000 रूपये की बचत हुई। उन्होने कहा कि यह बहुत ही अच्छी योजना मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के द्वारा लागू कर जगह-जगह पर धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स खोले गए हैं, जिसका लाभ हम जैसे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को प्राप्त हो रहा है, मैं मुख्यमंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ, आभार व्यक्त करता हूँ।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU